हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला ईमेल: newsicon2021@gmail.com मूल्य: रु. - 2/-

वर्ष: 1 अंक: 46 पृष्ठ: 8 शुक्रवार 25 मार्च से 31 मार्च 2022

# लोखंडवाला वासियों को मिली ट्रैफिक समस्या से मुक्ति













**मुंबई.** बीजेपी आमदार अंधेरी वसोर्वा विधानसभा डॉ. भारती लवलेकर ने संबंधित अधिकारियों से मिलकर किया इस समस्या का समाधान. लोखंडवाला अँधेरी में कुछ दिनो से ट्रैफिक वनवे चल रहा था जिससे व्यापारी व स्थानीय निवासियों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा था . वर्सोवा विधानसभा की बीजेपी आमदार डॉ. भारती लवेलकर व नगरसेवक योगिराज दाभड़कर ने मनपा वाहतूक विभाग ,अडानी इलेक्ट्रिसिटी, महानगर गैस विभाग के अधिकारियों ,व कॉन्ट्रेक्टर से मीटिंग कर MTNL सिग्नल लोखंडवाला अंधेरी के ट्रैफिक की समस्या जो पहले वनवे चल रही थी, जिससे काफी दिक्कतों का सामना स्थानीय निवासी व व्यापारियों को व्यापार में बहुत तकलीफ हो रही थी, जो डॉ. भारती लवलेकर और नगरसेवक योगिराज दाभड़कर ने अनवरत प्रयास कर के इस समस्या को दूर किया व ट्रैफिक जाम से लोगो को मुक्ति दिलाई . व्यापारी व स्थानीय निवासियों ने आमदार डॉ. भारती लवलेकर और नगरसेवक योगिराज दाभड़कर के काम की काफी सराहना की है .रोड यातायात अब सुचारू रूप से चालू है.

# शिवसेना के हिंदुत्व एजेंडे को बदनाम करना चाहती है बीजेपी, उद्धव ने ठुकराया ओवैसी की पार्टी का ऑफर



**मुंबई.** शिवसेना के एक हिंदुत्ववादी पार्टी होने का उल्लेख करते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने गठजोड़ के लिए एआईएमआईएम की पेशकश रविवार को खारिज कर दी. साथ ही, इसे महाविकास आघाडी सरकार का नेतृत्व कर रही पार्टी (शिवसेना) को बदनाम करने की भाजपा की साजिश करार दिया. शिवसेना का नेतृत्व कर रहे ठाकरे ने यहां पार्टी के सांसदों और पदाधिकारियों की एक बैठक को डिजिटल माध्यम से संबोधित किया, जिसमें उन्होंने हिंदुत्व और अन्य मुद्दों को लेकर पूर्व सहयोगी शिवसेना सांसद संजय राउत ने ठाकरे को उद्धृत करते हुए संवाददताओं से कहा, भला किसने एआईएमआईएम (ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन) से गठजोड़ करने की मांग की है ? यह भाजपा का एक गेम प्लान और षड्यंत्र है. एआईएमआईएम और भाजपा के बीच सांठगांठ है. उन्होंने कहा, भाजपा ने एआईएमआईएम को शिवसेना को बदनाम करने, शिवसेना के हिंदुत्व पर सवाल उठाने को कहा है. इसी का अनुसरण करते हुए एआईएमआईएम नेता गठजोड़ की पेशकश कर रहे हैं उल्लेखनीय है कि शनिवार को एआईएमआईएम के सांसद इम्तियाज जलील ने कहा था कि भाजपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए उनकी पार्टी शिवसेना नीत एमवीए के साथ गठजोड़ कर सकती है. इस पर, शिवसेना ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की. एमवीए में शामिल अन्य दल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस है. राज्यसभा सदस्य राउत ने कहा कि शिवेसना ठाकरे के आदेश पर 22 मार्च को राज्य के विदर्भ और मराठवाड़ा क्षेत्रों के 19 जिलों में एक जनसंपर्क कार्यक्रम शिव संपर्क मुहिम शुरू करेगी. उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य उस भ्रम को दूर करना है जो भाजपा विभिन्न मुद्दों पर शिवसेना के बारे में पैदा करने की कोशिश कर रही है. राउत ने कहा, उद्धवजी ने कहा है कि शिवसेना कभी भी एआईएमआईएम से हाथ नहीं मिलाएगी. शिवसेना प्रमुख ने यह भी कहा है कि उनकी पार्टी औरंगजेब की कब्र पर सिर झुकाने वालों से ना कभी जुड़ी थी और ना कभी जुड़ेगी.

## मुंबई के विट्ठल निवास में लगी आग, मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम

**मुंबई :** मुंबई में आग लगने की घटना सामने आ रही है. एएनआई की खबर के मुताबिक मुंबई के विट्ठल निवास बिल्डिंग में आग लग गई है. फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ी घटना स्थल पर पहुंच गई और आग बुझाने का काम जारी है. मुंबई फायर ब्रिगेड के मुताबिक इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. तस्वीरों में बिल्डिंग से आग की लपटों को देखा जा सकता है. इससे पहले पिछले बुधवार को नवी मुंबई के खारघर में रात को भयंकर आग लग गई थी. इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं आई लेकिन संपत्ति का काफी नुकसान हुआ.

जिस जगह पर आग लगी है उसके आसपास के इलाके में ऊंची-ऊंची इमारतें हैं. मौके पर तुरंत फायर ब्रिगेड की टीम पहुंच गई थी. मुंबई में पिछले महीने बोरीवली में 24 मंजिला आवासीय इमारत की चौथी मंजिल में आग लग गई थी.




# महाराष्ट्र विधानसभा के बाहर भाजपा विधायकों का प्रदर्शन

## नवाब मलिक के इस्तीफे की कर रहे हैं मांग

**मुंबई:** महाराष्ट्र विधानसभा के बाहर भाजपा विधायकों का प्रदर्शन आज भी जारी है। बता दें कि दाऊद इब्राहिम मनी लॉन्ड्रिंग मामले ) में राज्य के मंत्री नवाब मलिक के इस्तीफे की मांग को लेकर बीजेपी विधायक धरने पर बैठे हुए हैं। महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक की न्यायिक हिरासत को पीएमएलए की एक विशेष अदालत ने 4 अप्रैल तक बढ़ा दिया है। हालांकि, विशेष अदालत की ओर से उनके लिए बिस्तर, गद्दा और कुर्सी प्रदान करने की उनकी याचिका को स्वीकार कर लिया है। ज्ञात हो कि 62 वर्षीय राकांपा नेता नवाब मलिक को 23 फरवरी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने माफिया डान दाऊद इब्राहिम कास्कर से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। हिरासत में रहने के बाद मलिक ने ईडी मामले को रद्द करने की याचिका




दायर करते हुए बांबे हाई कोर्ट का रुख किया था, लेकिन अदालत में उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी मलिक को उनके विभागों और दो जिलों के संरक्षक मंत्री पद से मुक्त करने का फैसला किया, जो अब मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे द्वारा अन्य कैबिनेट सहयोगियों को आवंटित किए जाएंगे। बता दें कि महाराष्ट्र में राकांपा ने पार्टी नेता और कैबिनेट मंत्री नवाब मलिक के विभागों का बंटवारा पार्टी के दूसरे मंत्रियों के बीच करने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान में मनी लांड्रिंग के एक मामले में नवाब मलिक न्यायिक हिरासत में हैं। विभाग बंटवारे के बाद शिवसेना की अगुआई वाली महा विकास अघाडी सरकार में मलिक के पास कोई विभाग नहीं रह जाएगा। राकांपा ने मलिक से इस्तीफा नहीं मांगने का निर्णय लिया है, जबकि विपक्षी भाजपा ने उनसे इस्तीफा लेने की मांग की है।

# मुंबईकरों को गुड न्यूज! AC लोकल का सफर हो सकता है बेहद सस्ता



**मुंबई:** मुंबईकरों को जल्द ही बड़ा तोहफा मिल सकता है। मुंबई की लाइफ लाइन कही जाने वाली लोकल ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को खुशखबरी मिलने वाली है।

लोकल ट्रेन की अउ में सफर करना और भी सस्ता होने जा रहा है। दरअसल, रेलवे बोर्ड ने प्रस्ताव दिया है कि मुंबई में एसी लोकल की सिंगल जर्नी का किराया कम किया जाए। रेलवे बोर्ड ने कहा है कि यह किराया मुंबई में चलने वाली मेट्रो ट्रेन के किराए के आधार पर तय किया जाए। ऐसे में रेलवे को किराया कम करने के साथ-साथ एसी लोकल की फ्रीक्वेंसी बढ़ाना भी होगा। लोकल ट्रेनों की संख्या कम होने की वजह से भी लोग एसी का मासिक पास बहुत कम निकालते हैं। जिससे यात्रियों की तरफ से एसी लोकल को बेहतर रिस्पॉन्स नहीं मिल पा रहा है।

# नवाब मलिक की न्यायिक हिरासत चार अप्रैल तक बढ़ाई गई

**मुंबई।** पीएमएलए की एक विशेष अदालत ने सोमवार को महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक की न्यायिक हिरासत को 14 दिनों के लिए बढ़ाकर चार अप्रैल कर दिया है। हालांकि, विशेष अदालत ने उनके कार्यकाल के दौरान उन्हें बिस्तर, गद्दा और कुर्सी प्रदान करने की उनकी याचिका को स्वीकार कर लिया है। 62 वर्षीय मलिक को 23 फरवरी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने



माफिया डान दाऊद इब्राहिम कास्कर से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। तब से लगातार हिरासत में रहने के बाद मलिक ने ईडी मामले को रद करने के लिए पिछले हफ्ते बांबे हाई कोर्ट का रुख किया था और 20 साल से अधिक पुराने मामले में उन्हें हिरासत में भेजने के विशेष पीएमएलए कोर्ट के फैसले को रद कर दिया था, लेकिन उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने मलिक को उनके विभागों और दो जिलों के संरक्षक मंत्री पद से मुक्त करने का फैसला किया, जो मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे द्वारा अन्य कैबिनेट सहयोगियों को आवंटित किए जाएंगे। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने पार्टी नेता और कैबिनेट मंत्री नवाब मलिक के विभागों का बंटवारा पार्टी के दूसरे मंत्रियों के बीच करने का फैसला लिया है। वर्तमान में मनी लांड्रिंग के एक मामले में नवाब मलिक न्यायिक हिरासत में हैं। विभाग बंटवारे के बाद शिवसेना की अगुआई वाली महा विकास अघाडी सरकार में मलिक के पास कोई विभाग नहीं रह जाएगा।



# संपादकीय


संपादकः मुर्तुजा मामाजीवाला

## खेल रहि रंग होरी उनके दोउ नैना

होली के रंग शरीर के साथ-साथ आत्मा को भी भिगोते हैं। यह अकेला ऐसा उत्सव है, जिसमें परंपरा भी है और मस्ती भी। होरी गायन में इसकी झलक देखी जा सकती है। देखो लला, मेरी आंख न खटके, कौन तरह से तुम खेलो होरी। इस होरी में राधा या जो भी गोपियां हैं, उनका भाव यह है कि देखो कान्हा, इस तरह से होली खेलो कि आंख में अबीर या गुलाल या रंग नहीं जाए। अगर आंख में चला गया, तो गारी मैं दूंगी, तोहे न छोडूंगी, अबकी फाग में तोहे भी रंगूंगी, यानी मैं तुम्हें गाली दूंगी और तुम्हें भी न छोडूंगी, रंगों से तुमको भी रंग दूंगी। बेशक, बनारस में मसाने की होली भी खेली जाती है, लेकिन हम लोग वृंदावन क्षेत्र के भाव में रहते हैं। काशी जरूर विराजते हैं, मगर वृंदावन वाली होरी गाते-बजाते हैं। जैसे, खेल रहि रंग होरी उनके दोउ नैना, जैसे चांद और चकोरे, खेल रहि रंग होरी उनके दोउ नैना या खेलत अबीर गुलाल, घनश्याम मिली गोपिन संग।

होली के दिन मुझे अनायास बचपन याद आ जाता है। उन दिनों बनारस में बड़ी हुड़दंगी होली हुआ करती थी। तब गुब्बारों का चलन नहीं था। सभी बच्चों के हाथों में पिचकारी हुआ करती थी। मेरी दादी हम दोनों भाइयों (बड़े भाई पंडित राजन मिश्र) को पीतल की बड़ी-बड़ी पिचकारियां देती थीं। हमारे साथ एक सहायक भी चला करता था, जो रंग भरी बाल्टी लिए होता था। अमूमन उम्र में एकाध साल छोटे लड़के को ही यह जिम्मेदारी मिला करती थी। पूरा मोहल्ला मिलकर होली खेलते। थोड़ी देर तक हम पिचकारी चलाते, फिर अपने सहायक को चलाने के लिए दे दिया करते। हम परिचित-अपरिचितों को रंग-अबीर तो लगाते ही थे, चुहलबाजियां भी किया करते। ऐसी ही एक घटना में हम लोगों ने एक छोटे बच्चे को सब्जी वाली बड़ी सी टोकरी में बैठाकर उसके ऊपर चादर डाल दी थी। मैंने टोकरी का एक सिरा यूं पकड़ा, मानो उसे उठाना चाहता हूं, लेकिन भारी होने के कारण उठा नहीं पा रहा हूं। एक राहगीर की नजर मुझ पर पड़ी और वह मेरी मदद को आया। वह जैसे ही टोकरी उठाने के लिए झुका, बच्चे ने हो-हो कहकर उस पर रंग डाल दिया। हमारी इस तरह की शैतानियां होलिका दहन से ही शुरू हो जाती थीं। होलिका दहन के लिए हम लकड़ियां चुना करते। किसी के घर में यदि कोई लकड़ी हमें दिख जाती, तो हम उसे बताए बिना चुपचाप उड़ा ले आते। कई बार इसके लिए उनकी शिकायतें भी घर आती थीं। लेकिन पिताजी (पंडित हनुमान मिश्र) जानते थे कि होली बच्चों का त्योहार है, इसलिए हमें थोड़ा-बहुत डांटकर उनकी बातों को नजरंदाज कर देते थे।उन दिनों मोहल्ले-मोहल्ले में होलिका दहन की प्रतियोगिता भी होती थी कि किसकी होलिका कितने दिनों तक जली?

# भारत विश्व मंच पर अपनी महत्ता स्थापित करने और अपने हितों की रक्षा करने में सक्षम




भारत और आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्रियों के बीच आभासी शिखर बैठक में जिस तरह दोनों देशों ने आर्थिक-व्यापारिक मामलों में सहयोग पर जोर दिया, उससे यही पता चलता है कि भारत विश्व मंच पर अपनी महत्ता स्थापित करने और साथ ही अपने हितों की रक्षा करने में सक्षम है। उल्लेखनीय केवल यह नहीं कि भारत आस्ट्रेलिया सरीखे उन देशों के साथ अपने संबंध सुदृढ़ करने में सफल है

, जिनका यूक्रेन मामले में अलग रुख है, बल्कि यह भी है कि भारतीय नेतृत्व ऐसे देशों को अपने दृष्टिकोण से परिचित कराने में भी सक्षम है। जैसे आस्ट्रेलिया उन देशों में शामिल है, जो रूस पर प्रतिबंध लगा रहा है, वैसे ही जापान भी।पिछले दिनों नई दिल्ली आए जापान के प्रधानमंत्री भी आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री की तरह यूक्रेन मामले में भारत के नजरिये से सहमति व्यक्त करते दिखे। ये दोनों देश भारत की भागीदारी वाले उस क्वाड समूह का हिस्सा हैं, जिसका एक सदस्य अमेरिका भी है और यह किसी से छिपा नहीं कि संयुक्त राष्ट्र में रूस के खिलाफ मतदान के समय अनुपस्थित रहने के बाद भी वाशिंगटन ने न केवल संयत एवं संतुलित प्रतिक्रिया व्यक्त की, बल्कि भारत पर इसके लिए अनुचित दबाव बनाने से भी बचा कि वह उसके पाले में खड़ा हो।

इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि जब जापान और आस्ट्रेलिया समेत अमेरिका के अन्य सहयोगी देश रूस पर प्रतिबंध लगा रहे हैं, तब भारत ने उससे कच्चा तेल खरीदने का फैसला किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मामले में भारतीय हितों को सर्वोच्च वरीयता देने और साथ ही स्वतंत्र विदेश नीति पर कायम रहने के अपने संदेश को बार-बार व्यक्त करते रहते हैं।

निःसंदेह विश्व मंचों पर इस संदेश को रेखांकित करने में एक बड़ी भूमिका विदेश मंत्री जयशंकर की है। कोरोना और फिर यूक्रेन संकट के दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जैसी सक्रियता दिखाई, उसकी मिसाल मिलना कठिन है। भारत की यही कूटनीतिक सक्रियता यूक्रेन में फंसे हजारों भारतीय छात्रों को निकालने में मददगार बनी, लेकिन कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों ने उसे देखने-समझने से तो इन्कार किया ही, उलटे मोदी सरकार की बेवजह आलोचना भी की। अंधविरोध से उपजी इस आलोचना का कहीं कोई मूल्य-महत्व नहीं था, क्योंकि युद्ध क्षेत्र में फंसे लोगों को निकालना आसान नहीं होता।

# 2 अप्रैल से शुरू होगा चैत्र नवरात्रि पर्व



अप्रैल से शुरू होगा चैत्र नवरात्रि पर्व, जानें इसका धार्मिक महत्व और पौराणिक मान्यता सनातन धर्म में चैत्र नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है और श्रद्धालु पूरी आस्था के साथ इस देवी पर्व को मनाते हैं। इस साल की शुरूआत 02 अप्रैल दिन शनिवार से हो रही है। हर साल चैत्र नवरात्रि चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होती है और नवमी तिथि तक चलती है। दशमी तिथि को पारण किया जाता है और व्रत को पूरा किया जाता है।

भारतीय पंचांग के अनुसार कई बार तिथियां घटती और बढ़ती हैं। कोई तिथि 24 घंटे से अधिक और कोई तिथि 12 घंटे से कम की भी हो सकती है। ऐसे में कई बार तिथियों का लोप हो जाता है, जिससे चैत्र नवरात्रि पर्व के दिनों की संख्या में कम ज्यादा हो जाती है।

वैसे सामान्य तौर पर ङ्कँ३१ं ठं५१ं३१ु पर्व 9 दिन को होता है लेकिन तिथियां बढ़ने पर यह 10 का भी हो सकता है और तिथियों के लोप होने पर नवरात्रि पर्व 7 या 8 दिन का भी हो सकता है। अब इस साल चैत्र नवरात्रि पूरे 9 दिन की है।

# अमित शाह पहुंचे लोकभवन, चुना जाएगा भाजपा विधायक दल का नेता

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी योगी आदित्यनाथ को लगातार दूसरी बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने की तैयारी में हैं। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत मिलने के बाद 37 वर्ष बाद प्रदेश में किसी एक दल की सरकार की लगातार दूसरी बार ताजपोशी होगी। भारतीय जनता पार्टी के पर्यवेक्षक अमित शाह के साथ सह पर्यवेक्षक रघुवर दास लखनऊ पहुंचे हैं। भाजपा कार्यालय में कोर कमेटी की बैठक के बाद शाह के साथ रघुवर दास लोक भवन जाएंगे। लोकभवन में भाजपा विधायक दल की बैठक से पहले अमित शाह ने लखनऊ में भाजपा कार्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष, उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान ने बैठक की।

इस दौरान राधा मोहन सिंह,योगी आदित्यनाथ, स्वतंत्रत देव, सुनील बंसल सह पर्यवेक्षक रघुवर दास मौजूद भी मौजूद थे। अमित शाह भाजपा विधायक दल की बैठक के बाद आज रात ही नई दिल्ली वापस लौटेंगे।माना



जा रहा है कि इस बैठक में प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार 2.0 के दूसरे कार्यकाल के शपथ से पहले कुछ संभावित मंत्रियों के नाम पर चर्चा हुई। अब तो लग रहा है कि केशव प्रसाद मौर्य तथा डा. दिनेश शर्मा प्रदेश के उप मुख्यमंत्री के पद पर बरकरार रहेंगे। सुरेश कुमार खन्ना को विधानसभा अध्यक्ष स्पीकर बनाया जा सकता है। इस पद के लिए सूर्य प्रताप शाही का भी नाम सामने लाया सकता है। बेबी रानी मौर्य, महेन्द्र सिंह, नंद गोपाल गुप्ता नंदी भी कैबिनेट मंत्री बनेंगे। माना जा रहा है कि इस बैठक में प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार 2.0 के दूसरे कार्यकाल के शपथ से पहले कुछ संभावित मंत्रियों के नाम पर चर्चा हुई। अब तो लग रहा है कि केशव प्रसाद मौर्य तथा डा. दिनेश शर्मा प्रदेश के उप मुख्यमंत्री के पद पर बरकरार रहेंगे। सुरेश कुमार खन्ना को विधानसभा अध्यक्ष स्पीकर बनाया जा सकता है। इस पद के लिए सूर्य प्रताप शाही का भी नाम सामने लाया सकता है।

## वाराणसी से चार विधायक मंत्री पद की दौड़ में शामिल, नाम की घोषणा का इंतजार




**वाराणसी।** लखनऊ में शुक्रवार की शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शपथ ग्रहण समारोह के साथ ही प्रदेश में मंत्रियों की सूचना भी पूरी तरह से स्पष्ट हो जाएगी। चर्चा के मुताबिक पूर्व की ही भांति मंत्रियों को पद और दायित्व मिलना तय है। हालांकि, इस बार जातिगत और क्षेत्रीय समीकरणों के अलावा महिलाओं और युवाओं को भी मौका दिया जाएगा। इस लिहाज से पीएम नरेन्द्र मोदी के संसदीय सीट वाराणसी से मंत्रियों की संख्या कम से कम तीन होने की उम्मीद पूर्ववत बनी हुई है। वाराणसी में इस बार आठों सीटें भाजपा गठबंधन के हिस्से में गई हैं। जबकि पूर्व में रवींद्र जायसवाल, अनिल राजभर और नीलकंठ तिवारी मंत्री रह चुके हैं। इस बार भी तीनों ने जीत हासिल करने के साथ ही अपनी दावेदारी मंत्री पद के लिए पेश की है। वहीं कैंट सीट से सौरभ श्रीवास्तव भी रिकार्ड मतों से जीतकर युवा चेहरे के तौर पर सामने आए हैं।

## आदित्यनाथ सरकार2.0 का शपथ ग्रहण कल


### विपक्षी नेता, प्रख्यात उद्योगपति तथा फिल्म स्टार्स आमंत्रित

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में प्रचंड बहुमत मिलने के बाद लगातार दूसरी बार सरकार बनाने जा रही भारतीय जनता पार्टी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शपथ ग्रहण समारोह को बेहद यादगार बनाने जा रही है। लखनऊ के इकाना इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 25 मार्च को शाम चार बजे से होने वाले इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ गृह मंत्री अमित शाह तो शामिल होंगे ही, विपक्षी दल के नेताओं, प्रख्यात उद्योगपति तथा फिल्म स्टार्स के साथ खिलाडि ों को भी आमंत्रित किया गया है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में विपक्षी दलों के नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मुलायम




सिंह यादव, मायावती तथा अखिलेश यादव के साथ उनके सहयोगी दल के नेता जयंत चौधरी, ओम प्रकाश राजभर तथा अन्य विपक्षी दलों के नेताओं को भाजपा की तरफ से निमंत्रण पत्र भेजा गया है। इस शपथ ग्रहण समारोह के लिए मुकेश अंबानी, गौतम अडानी तथा आनंद महिन्द्रा सहित दर्जनों उद्योगपतियों को भी निमंत्रण पत्र भेजा गया है।योगी आदित्यनाथ सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रेमा खांडू, मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम सिंह ठाकुर, बॉलीवुड में अक्षय कुमार, कंगना राणावत, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लव कुमार देब, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल, कर्नाटक के सीएम बसवराज बोम्मई तथा राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी शपथ ग्रहण में उपस्थित रहेंगी।

## कविता




# कहै कबीर दीवाना-ओशो

तो धीरे-धीरे तुम वस्तुओं के प्रेम के गिर जाओगे। और अगर व्यक्तियों के द्वारा मिले सुख पर ध्यान दिया, तो तुम धीरे-धीरे महा-व्यक्ति की तलाश में निकल जाओगे। यहीं गुरु की जरूरत शुरू होती है।

कृपण के लिए तो गुरु किसी काम का नहीं है। कृपण तो गुरु से डरता है। क्योंकि गुरु के प्रति समर्पित करना होगा, और यही तो कृपण का भय है। वह समर्पण कर नहीं सकता। इसलिए कृपण अगर गुरु के पास भी आता है। तो खुद को समर्पित नहीं करता, एक आम ले आता है। एक दो केले ले जाता है। यह तरकीब है बचने की। वह कह रहा है, लोग महाराज, मुझे छोड़ो। इतना काफी है। गुरु के पास केला लेकर आ रहे हो, कि आम लेकर चले आ रहे हो! कुछ तो सोचो। लाते हो तो अपने को लाओ। अन्यथा मत आओ। उससे कम में न चलेगा। जारी...

# क्या महिलाओं की फर्टिलिटी बढ़ाने में वाकई फायदेमंद है अनानास (पाइन एप्पल)



पौष्टकि फलों की बात करें तो अनानास भी उनमें से एक है। शरीर को स्वस्थ रखने में अनानास अहम भूमकिा नभिाता है। कई लोग ऐसा मानते हैं कि कंसीव करने में यानी प्रेगनेंट होने पर भी अनानास मदद करता है। हालांकि इस बात का कोई वैज्ञानकि प्रमाण तो नहीं है पर इसमें पाए जाने वाला इंजाइम जिसे हम ब्रोमलनि के नाम से जानते हैं वो प्रेगनेंसी को बढ़ावा देने का काम करता है जिसके आधार पर लोग ये जानना चाहते हैं कि ऐसा मुमकनि है या नहीं। इस लेख में हम जानेंगे कि क्या वाकई प्रेगनेंसी में अनानास फायदेमंद है या नहीं।

इस विषय पर बेहतर जानकारी के लिए हमने लखनऊ के वेलनेस डाइट क्लीनकि की डायटीशयिन डॉ स्मति सिंह से बात की। अनानास में मौजूद ब्रोमलनि देता है प्रेगनेंसी को बढ़ाव अनानास से आप प्रेगनेंसी को बढ़ावा दे सकते हैं।

अनानास यानी पाइनएप्पल में पाया जाने वाला इंजाइम ब्रोमलिन प्रेगनेंसी में मदद करता है। ब्रोमलनि एक तरह का प्रोटयिोलेटकि इंजाइम है जो टशिू डेवलेपमेंट में मदद करता है और इम्प्लांटेशन के लिए ये इंजाइम बहुत जरूरी होता है।

# पलक तिवारी ने स्पेगेटी टॉप और डेनिम शार्ट में शेयर की बोल्ड मिरर सेल्फी



पलक तिवारी ने इंस्टाग्राम पर एक बोल्ड सेल्फी फोटो शेयर की है' इसमें वह मिरर सेल्फी लेती नजर आती हैं' उन्होंने ब्लैक कलर की स्पेगेटी टॉप और डेनिम शॉर्ट्स पहन रखी है' इसके अलावा उन्होंने एक कूल बैग ले रखा है' उन्होंने हाथों में कई सारी ज्वेलरी और घड़ी पहन रखी है' इसके अलावा उन्होंने गले में नेकलेस पहन रखा है' तस्वीरों में उनकी लटे चेहरे पर गिर रही है' वह कैमरे की ओर देख रही हैं और मिरर सेल्फी लेती नजर आ रही है' उनके बाल बंधे हुए हैं'

पलक तिवारी की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है' उन्होंने तस्वीरें सेल्फी विद बेड लाइटिंग के कमेंट के साथ पोस्ट की है' पलक तिवारी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय है' वह अक्सर अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरें और वीडियो शेयर करती हैं, जिन्हें फैंस काफी पसंद करते हैं' पलक तिवारी के इंस्टाग्राम पर 17 लाख फॉलोअर्स है' इसके चलते उनके फैंस उनकी पोस्ट को लेकर बहुत उत्साहित रहती हैं' वह अक्सर अपने फैंस से बातचीत भी करती है'हाल ही में पलक तिवारी ने वाइट कलर की क्रॉप टॉप और मरून कलर की थाई हाई ड्रेस में फोटोशूट करवाया था' इस फोटो को 3 लाख 17 हजार के करीब लाइक्स मिले' वहीं इसपर 11 सौ के करीब कमेंट किए गए' कई लोगों ने तस्वीरों पर दिल और आग की इमोजी भी कमेंट की है' वहीं कई लोगों ने ब्यूटीफुल, नाइस, अमेजिंग और खूबसूरत जैसे कमेंट भी किए हैं'

पलक तिवारी जल्द विवेक ओबेरॉय के साथ फिल्म रोजीः द सैफ्रो चैप्टर में नजर आएंगी' हाल ही में उन्होंने हार्डी संधू के साथ बिजली-बिजली गाने पर डांस किया था, जिसे काफी पसंद किया गया था।

# स्टीव स्मिथ ने तोड़ा वर्ल्ड रिकार्ड, बने सबसे तेज 8 हजार टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज में आस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने वर्ल्ड रिकार्ड बना डाला है। इस धुरंधर बल्लेबाज ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 8 हजार रन बनाने के मामले में तमाम दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया। लाहौर में खेली जा रही सीरीज के तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन स्मिथ ने यह शानदार उपलब्धि हासिल की। सबसे तेज 8 हजार रन बनाने के मामले में उन्होंने श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा को पीछे छोड़ा।स्मिथ ने पाकिस्तान के खिलाफ लाहौर टेस्ट की दूसरी पारी में 7वां रन पूरा करते ही वर्ल्ड रिकार्ड अपने नाम कर लिया। सीरीज के तीसरे टेस्ट मैच में उतरने से पहले उनके खाते में कुल 7934 टेस्ट रन थे। पाकिस्तान के खिलाफ पहली पारी में स्मिथ 59 रन बनाकर आउट हुए थे। इस पारी के बार उनके खाते में कुल 7993 रन हो गए थे। दूसरी पारी में 8 हजार के आंकड़े तक पहुंचने के लिए स्मिथ को महज 7 रन की जरूरत थी जो उन्होंने आसानी से हासिल कर लिया। आस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्मिथ ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 8 हजार रन बनाने का रिकार्ड बना डाला। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे टेस्ट मैच में यह खास मुकाम हासिल किया। श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा ने 152वीं पारी में यह कमाल किया था जबकि स्मिथ ने 151वीं पारी में ऐसा कर वर्ल्ड रिकार्ड बना डाला। भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने 154वीं टेस्ट पारी में अपने 8 हजार टेस्ट रन पूरे किए थे। वेस्टइंडीज के महान गैरी सोबर्स ने 157 पारी के बाद ऐसा किया था जबकि मौजूदा भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ को 158 पारी लगे थे इस मुकाम तक पहुंचने के लिए।

# धौनी ने छोड़ी सीएसके की कप्तानी, पूर्व क्रिकेटरों सहित इन लोगों ने दी प्रतिक्रिया



**नई दिल्ली:** आइपीएल के इतिहास में सबसे सफल कप्तानों में से एक महेंद्र सिंह धौनी ने आइपीएल के 2022 सीजन से पहले कप्तानी छोड़कर सबको चौंका दिया है। वे आइपीएल के पहले सीजन से सीएसके के कप्तान थे। उन्होंने अपनी कप्तानी में 4 बार टीम को चैंपियन बनाया जबकि 9 बार टीम ने फाइनल तक का सफर तय किया। सीएसके एकमात्र ऐसी टीम है जिसने कभी भी अपने कप्तान को नहीं बदला। उन्होंने 204 मैचों में 121 में जीत दर्ज की और उनके जीत का प्रतिशत 59.60 रहा। उनके कप्तानी छोड़ने पर क्रिकेट जगत से प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई है। भारत के पूर्व बल्लेबाज कृष्णमाचारी श्रीकांत ने कहा है कि उन्होंने कप्तान के तौर पर जो किया है वो मिलियन इयर में कोई नहीं कर पाएगा। सीएसके की तरफ से सबसे अधिक रन बनाने वाले सुरेश रैना ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जडेजा से अच्छा इस रोल के लिए और कोई नहीं हो सकता था। उम्मीद है वो सबकी उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।भारत के पूर्व स्पिन गेंदबाज और वर्तमान में आइपीएल गवर्निंग काउंसिल के सदस्य प्रज्ञान ओझा ने भी इसपर अपनी प्रतिक्रिया दी है। अपने अलग अंदाज के लिए मशहूर भारत के पूर्व बल्लेबाज वसीम जाफर ने फिल्म बाहूबली के एक क्लिप को शेयर किया है।

# केकेआर का कौन बल्लेबाज आरेंज कैप की रेस में रहेगा शामिल





नई दिल्ली:आइपीएल 2022 में कौन खिलाड़ी सबसे ज्यादा रन बना सकता है इसे लेकर पहले ही कुछ बताना मुश्किल काम है, लेकिन टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज व क्रिकेट एक्सपर्ट आकाश चोपड़ा ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन सकते हैं। इस सीजन के लिए केकेआर ने भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को 12.25 करोड़ रुपये में खरीदा था और टीम का कप्तान भी बनाया। श्रेयस इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े थे और इस टीम के लिए कप्तानी भी कर चुके थे। आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए .










स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक – मुर्तुजा मामाजीवाला के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट, ऑफ आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास, गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व),मुंबई - 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अंधेरी (प),मुंबई -400053 प्रकाशित । संपादक: मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997

■ T.C. NO. MAHHIN10172 ■ ईमेल: newsicon2021@gmail.com ■ newsicon.net